Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding railway projects in Supaul Parliamentary Constituency of Bihar.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल): माननीय अध्यक्षा जी, हम बुलेट ट्रेन की बात करते हैं। मैं जिस क्षेत्र से आती हूं, वह कोसी और सीमांचल का क्षेत्र है। 10 साल से वहां अमान परिवर्तन का काम चल रहा है, लेकिन अभी तक बड़ी रेलवे लाइन नहीं आई है। तकरीबन 2 करोड़ लोग वहां रोज ट्रेन से सफर करते हैं और 90 हजार मजदूर दूसरे प्रदेशों में काम के लिए जाते हैं। वे सहरसा या पटना से ट्रेन पकड़ते हैं। सुपौल का अमान परिवर्तन का काम 10 सालों से बहुत धीमी गति से चल रहा है।

मैं कुछ ट्रेनों के बारे में कहना चाहूंगी। हम एक तरफ बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, लेकिन जहां पर बड़ी लाइन गई नहीं हैं और आप 10 साल से वहां काम कर रहे हैं, लेकिन वह हो नहीं रहा है। पूर्व-मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत सहरसा-फारविसगंज रेलखंड पर अमान परिवर्तन का कार्य 10 साल से चल रहा है। अभी बरुआरी तक अमान परिवर्तन का काम हो चुका है, लेकिन फाइबर केबल के नहीं होने के कारण वहां पर काम पेंडिंग पड़ा है। अगर सिर्फ केबल की सप्लाई वहां पर हो जाएगी, तो वह ट्रेन कम से कम बरुआरी तक चल जाएगी और लोग डायरेक्ट सुपौल से ट्रेन पकड़कर जा सकेंगे। यहां तक कि सहरसा से अमृतसर, पंजाब, दिल्ली या मुंबई के लिए एक भी डायरेक्ट ट्रेन नहीं है। निर्मली से सकरी रेलखंड के अमान परिवर्तन का कार्य भी काफी धीमी गति से चल रहा है।

कई नई रेल लाइनों की आपने एनाउंसमेंट की। सुपौल से त्रिवेणीगंज, अररिया होते हुए गलगलिया तक नई रेल लाइन की स्वीकृति काफी पहले हुई, लेकिन अभी तक जमीन का अधिग्रहण नहीं हुआ है। सरायगढ़ भवटियाही से निर्मली रेलखंड पिछले 10 वर्षों से अधूरा पड़ा है, जबकि हजारों करोड़ की लागत से पुल और पुलिया बनकर तैयार हैं। इस रेलखंड में मेगाब्लॉक भी ले लिया गया है। इसके चलते रेलवे को राजस्व की हानि के साथ-साथ आम जनता को भी परेशानी हो रही है।

बिहारीगंज से मुरलीगंज, खुर्दा, जदिया, छातापुर, बलुआ होते हुए वीरपुर तक नई रेलवे लाइन हेतु सर्वे जिसकी आपने घोषणा की थी, उसे अविलम्ब कराया जाए। सहरसा में ओवरब्रिज की घोषणा हुई। मंत्री ने 4 बार शिलान्यास कर दिया, लेकिन अभी तक ओवरब्रिज का काम शुरू नहीं हुआ है। कुरसैला से बिहारीगंज रेलखंड के सर्वे का काम

भी पूरा हो चुका है, लेकिन बजट के अभाव में इस खंड का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। मेरी रिक्वेस्ट है कि जो बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, जहां पर लोगों का सपना है कि बड़ी रेलवे लाइन शुरू हो, जो ललित नारायण मिश्रा का भी सपना था, बहुत पहले उन्होंने वहां के लोगों को ट्रैक दिखाया था। मेरा आग्रह है कि इसका काम अविलम्ब शुरू कराया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।